# BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 27 नवम्बर, 2023 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** थाना कोतवाली नगर

**स्वाट टीम व थाना कोतवाली नगर पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से हुई मुठभेड़, क्रॉस फायरिंग में 20,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित अपराधी घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।**

जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 27-11-2023 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम संयुक्त रुप से खालसा तिराहा के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी कि उसी समय एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए जिनको रूकने का इशारा किया गया तो बदमाश बाइक को तेजी से भगाने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ ही दूरी पर बदनोरा पुल के पास चकरोड पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिस पर बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ, जिसकों गिरफ्तार किया गया तथा 01 अन्य अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी कांम्बिंग की जा रही है। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान **1. बाबुद्दीन पुत्र सलीम निवासी ग्राम मिठेपुर थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर** के रूप में हुई है। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उल्लेखनीय है बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है जो थाना अनूपशहर पर पंजीकृत मुअसं- 595/21 धारा 382/411/460/120बी भादवि में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर 20,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित है।

**अभियुक्त का नाम पता-**

1- बाबुद्दीन पुत्र सलीम निवासी ग्राम मिठेपुर थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 01 तमंचा 315 बोर।

2- 01 खोखा व 02 जिंदा कारतूस।

**अभियुक्त बाबुद्दीन का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं- 595/21 धारा 382/411/460/120बी भादवि थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर।

**पुलिस टीम थाना कोतवाली नगर-**

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।

2- श्री रामनारायण सिंह निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।

3- व0उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह थाना कोतवाली नगर

3- उ0नि0 हरवीर सिंह(चौकी प्रभारी डिप्टी गंज)

4- उ0नि0 शुभम चौधरी(चौकी प्रभारी नरसलघाट)

**स्वाट टीम-**

1- है0का0 कपिल,है0का0 विपिन, है0का0 संजीव,

2- का0 सुधीर।









**<u>मीडिया सेल बुलंदशहर</u>**